Regarding development of Hazaribagh Wildlife Sanctuary,Jharkhand.-laid

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) : रांची से 89 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हमारी लोक सभा हजारीबाग में स्थित हजारीबाग वन्य अभयारण्य, झारखण्ड का मुख्य वन्यजीव अभयारण्य है। इसकी स्थापना सन् 1955 में की गई थी। यहाँ पर हिरण,बंदर, पक्षियों सहित कई जंगली जानवरो का घर है, जिस वजह से यह झारखंड का मुख्य पर्यटन केंद्र है। यहां देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों सैलानी आते हैं । अभी कुछ दिनों पहले इसे राज्य सरकार द्वारा डाउनग्रेड कर दिया गया है, जिस वजह से जीव?जंतुओं का संरक्षण करने व पर्यटन की दिशा में यह अभयारण्य पीछे होता चला जा रहा है । अतः केंद्र सरकार से आग्रह है कि इसे पुनः वन्य जीव अभयारण्य के रूप में विकसित करवाया जाए जिससे पर्यटन व रोजगार को बढ़ावा मिल सके ।